4000 मेहमान भूमि पूजन समारोह के लिए आमंत्रित, 800 ड्रोन का शो

अमर उजाला ब्यूरो

एयरपोर्ट से आईजीपी तक बनेंगे स्वागत द्वार, थ्री डी लाइट एंड साउंड शो का खास आयोजन

लखनऊ। 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले भूमि पूजन समारोह में 4000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। मेहमाननवाजी के लिए एक तरफ शाही बग्घी की तैयारी की जा रही है तो दूसरी तरफ एयरपोर्ट में विशेष लाउंज बनाया जाएगा। समारोह में यूपी के हस्तशिल्पियों और ओडीओपी पर खास फोकस रहेगा। 75 जिलों के स्टाल के जरिये ओडीओपी की ब्रांडिंग की जाएगी। समारोह में दो दिन शाम को थ्री डी लाइट ड्रोन शो आयोजित किए जाएंगे। इसमें 800 मेक इन इंडिया ड्रोन लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन करेंगे।

दो दिन प्रदर्शनी में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन भी होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम भी रहेगी। आईजीपी में 60 स्थानों पर समारोह के लाइव प्रसारण की व्यवस्था होगी। तीन लाउंज बनाए जाएंगे। लखनऊ एयरपोर्ट से आईजीपी के बीच पांच स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। लखनऊ एयरपोर्ट में 150 वर्गमीटर का भूमि पूजन समारोह स्पेशल लाउंज भी बनेगा।

दो दिन की प्रदर्शनी के लिए न्यूनतम 500 स्टालों की व्यवस्था की जा रही है। तीन हजार वर्ग फीट के विशाल जर्मन हैंगर का निर्माण किया जाएगा। आने वाले मेहमानों को समारोह की यादें पेन ड्राइव में गिफ्ट की जाएंगी। इसके लिए 5,000 पेन ड्राइव की व्यवस्था की गई है। पहले दिन 700, दूसरे दिन 300 और तीसरे दिन 5000 लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया है।